# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8377917640

File No. : F.8(14)Nasa/NSS/CCE/2022-01794/ Dated : Oct., 2024

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– नई किरण: नशा मुक्ति अभियान बाबत।
सन्दर्भ :– विभाग का पत्र क्रमांक F.8(14)Nasa/NSS/CCE/2022-01794/ दिनांक 12.09.2024.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र की निरन्तरता में नई किरण: नशा मुक्ति अभियान का लक्ष्य रखा गया है जिसमें युवा पीढ़ी को तम्बाकू व अन्य प्रकार के नशे से दूर रखना और नशा मुक्त स्वस्थ मानव समाज का निर्माण करना। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक महाविद्यालय में **नई किरण नशा–मुक्ति केन्द्र** स्थापित कर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाना है। जो प्रशिक्षित विद्यार्थियों के साथ समाज तथा महाविद्यालय में नई किरण नशा–मुक्ति अभियान में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेगा। इस अभियान के अन्तर्गत राज्य में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को क्रमबद्ध तरीके से नशा–मुक्ति हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाना है।

प्रत्येक महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला विभिन्न सत्रों में आयोजित की जानी है जिसमें नशा–मुक्ति विषय की विशेषज्ञता रखने वाले अनुभवी विशेषज्ञों, चिकित्सकों, संबंधित विषय के प्रोफेसर्स, सामाजिक संगठनों, एनजीओज तथा समाज सेवा में विशेष अनुभव रखने वाले लोगों के द्वारा व्याख्यान एवं प्रस्तुतीकरण दिया जावें। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रशिक्षित विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाये, जिससे वह **Trained Students** अपने परिवार, समाज तथा अपने आस–पास के विद्यालयों में नशा मुक्ति हेतु जागरूकता फैलायें। ट्रेंड स्टूडेंटस से यह अपेक्षा की जाती है कि वे नशे की गिरफ्त में आये हुए कम से कम 10 लोगों को जिला स्तर पर संचालित **नशा मुक्ति केन्द्र** पर भेजना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में प्रशिक्षित विद्यार्थी अपने आस पास के विद्यालयों में **नो बैग डे** के दिन नशे के दुष्प्रभाव तथा नशा मुक्ति जागरूकता के बारे में भी जानकारी प्रदान करें।

RajKaj Ref
11177081

Signature valid
Digitally signed by Om Prakash Bairwa
Designation : Commissioner
Date: 2024.10.16 16:56:56 IST
Reason: Approved

नई किरण: नशा मुक्ति अभियान के प्रथम चरण माह अक्टूबर–2024 में निम्नलिखित 33 महाविद्यालयों में नई किरण नशा–मुक्ति अभियान कार्यशाला का आयोजन कर 1650 प्रशिक्षित विद्यार्थी तैयार किये जायेंगे–

| क्र. स. | जिला | महाविद्यालय का नाम | प्रशिक्षित विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर | 50 |
| 2 | अलवर | राजर्षि राजकीय महाविद्यालय, अलवर | 50 |
| 3 | बांसवाडा | श्री गोविन्द गुरू राजकीय महाविद्यालय, बांसवाडा | 50 |
| 4 | बारां | राजकीय महाविद्यालय, बारां | 50 |
| 5 | बाडमेर | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाडमेर | 50 |
| 6 | भरतपुर | महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भरतपुर | 50 |
| 7 | भीलवाडा | श्री माणिक्य लाल वर्मा, राजकीय महाविद्यालय, भीलवाडा | 50 |
| 8 | बीकानेर | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानरे | 50 |
| 9 | बूंदी | राजकीय महाविद्यालय, बूंदी | 50 |
| 10 | चित्तौडगढ़ | महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चित्तौडगढ़ | 50 |
| 11 | चूरू | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चुरू | 50 |
| 12 | दौसा | स्वं पं. नवलकिशोर भार्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दौसा | 50 |
| 13 | धौलपुर | राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर | 50 |
| 14 | डूंगरपुर | एस.बी.पी. राजकीय महाविद्यालय, डूंगरपुर | 50 |
| 15 | हनुमानगढ़ | राजकीय नेहरू मेमोरियल महाविद्यालय, हनुमानगढ़ | 50 |
| 16 | जयपुर | राजकीय महाविद्यालय, जयपुर | 50 |
| 17 | जैसलमेर | सेठ संगीदास बालकिशन कोठारी राजकीय महाविद्यालय, जैसलमेर | 50 |
| 18 | जालौर | वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालौर | 50 |
| 19 | झालावाड | राजकीय महाविद्यालय, झालावाड | 50 |
| 20 | झुन्झुनू | श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय पी.जी. महाविद्यालय, झुन्झुनू | 50 |
| 21 | जोधपुर | राजकीय महाविद्यालय, जोधपुर | 50 |
| 22 | करौली | राजकीय महाविद्यालय, करौली | 50 |
| 23 | कोटा | राजकीय महाविद्यालय, कोटा | 50 |
| 24 | नागौर | श्री बलदेव राम मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर | 50 |
| 25 | पली | राजकीय बांगड महाविद्यालय, पाली | 50 |
| 26 | प्रतापगढ़ | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, प्रतापगढ़ | 50 |
| 27 | राजसमंद | सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमंद | 50 |
| 28 | सवाईमाधोपुर | भाहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाईमाधोपुर | 50 |
| 29 | श्रीगंगानगर | डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर | 50 |
| 30 | सीकर | राजकीय विज्ञान महाविद्यालय, सीकर | 50 |
| 31 | सिरोही | राजकीय महाविद्यालय, सिरोही | 50 |
| 32 | टोंक | राजकीय महाविद्यालय, टोंक | 50 |
| 33 | उदयपुर | राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर | 50 |
| | | कुल | 1650 |

RajKaj Ref
11177081

Signature valid

Digitally signed by Om Prakash Bairwa
Designation : Commissioner
Date: 2024.10.16 16:56:56 IST
Reason: Approved

कार्यशाला के अन्तर्गत प्रत्येक महाविद्यालय **तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जन जागरूकता,** TOFEI के दिशानिर्देशानुसार स्वयं के महाविद्यालय को **नशा मुक्त शिक्षण संस्थान** घोषित करना, एक गॉव गोद लेकर उसे **नशा मुक्त गॉव** बनाना, **सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम 2019 के प्रावधानों के अन्तर्गत एनफॉर्समेन्ट** तथा **सोशल मीडिया के द्वारा जन–जागरूकता आदि** गतिविधियॉ आयोजित किया जाना सम्मिलित है। प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला, गतिविधियॉ एवं प्रशिक्षित किये गये 50 विद्यार्थियों की पूर्ण सूचना जरिये ई–डाक के माध्यम से राज्य समन्वयक, युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ, आयुक्तालय को **दिनांक 31 अक्टूबर, 2024** तक प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करावें।

(डॉ.ओम प्रकाश बैरवा)
आयुक्त

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा राजस्थान, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड/ई–मेल बाबत।

(डॉ.ओम प्रकाश बैरवा)
आयुक्त

RajKaj Ref
11177081

Signature valid

Digitally signed by Om Prakash Bairwa
Designation : Commissioner
Date: 2024.10.16 16:56:56 IST
Reason: Approved